Regarding Need to develop Talgaria Railway Station in Jharkhand as a Satellite Railway Station and ensure stoppage of trains running between Delhi and Odisha at the station-Laid

श्री दु लू महतो (धनबा द) **:** मैं सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । बोकारो स्टील सिटी एवं चास नगर क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा तथा क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हु ए, तेलगड़िया स्टेशन को सैटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित करना अत्यावश्यक हो गया है । तेलगड़िया स्टेशन टी टी लाइन पर स्थित है और बोकारोचास शहर के निकट होने के कारण यात्रियों के लिए अत्यंत सुविधाजनक है । यह स्टेशन आद्रागोमो सेक्शन का एक प्रमुख केंद्र बन सकता है । यदि दिल्ली से ओडिशा जाने वाली गाड़ियों का ठहराव यहाँ सुनिश्चित किया जाए, तो बोकारो क्षेत्र की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा । इससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ता प्राप्त होगी और औद्योगिक क्षेत्र को बेहतर संपर्क उपलब्ध होगा । स्टेशन का विकास रोजगार सृजन, व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार तथा क्षेत्रीय प्रगति में सहायक सिद्ध होगा । यह पहल बोकारो एवं चास क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही माँग को पूरा करेगी और रेलवे की जनहितकारी भूमिका को और सशक्त बनाएगी । अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि कृपया पूर्वी रेलवे के महाप्रबंधक को इस विषयपर शीघ्र आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की कृपा करें, ताकि जनता की इस समयबद्ध माँग को पूरा किया जा सके ।